भारत सरकार
जल संसाधन मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1537
जिसका उत्तर 05 दिसम्बर, 2011 को दिया जाना है ।

.....

जल संसाधन सूचना प्रणाली का विकास

1537. श्री एस. थंगावेलु :

क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर जल संसाधन से संबंधित सूचना प्रणाली (डी.डब्ल्यू.आर.आई.एस.) के विकास हेतु ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान जल संसाधन सूचना प्रणाली विकास का गठन किया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह आवश्यक कार्रवाई करने हेतु नियमित रूप से डाटा एवं अद्यतन सूचना उपलब्ध कराएगा ; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस प्रणाली के अंतर्गत अद्यतन आंकड़ों की उपलब्धता हेतु कौन-से- तंत्र हैं ?

उत्तर

जल संसाधन एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री वींसेंट एच. पाला)

(क) से (ग) XI वीं योजना के दौरान केन्द्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (आईएसआरओ) के साथ राष्ट्रीय स्तर पर वेब आधारित जल संसाधन सूचना प्रणाली (भारत-डब्ल्यूआरआईएस) (www.india-wris.nrsc.gov.in/webgis.php) की स्थापना की है । सूचना प्रणाली के दो डाटाबेस हैं जिनमें से एक सार्वजनिक रूप से जनता के लिए तथा अन्य सरकार से सरकार के उपयोग के लिए हैं । आंकड़ों की उपलब्धता की राष्ट्रीय मानचित्र नीति एवं आंकड़ा प्रचार प्रसार नीति के अनुसार देख-रेख की जाएगी। डाटाबेसों को नियमित रूप से अद्यतन और बढ़ाने के लिए XII वीं पंचवर्षीय योजना (2012-17) के दौरान राष्ट्रीष जल संसाधन सूचना केन्द्र का प्रस्ताव किया गया है ।

*****